डॉ. बी मिश्रा को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड

वाराणसी। आईआईटी (बीएचयू) के फार्मास्यूटिकल इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ बी. मिश्रा को चेन्नई में लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया है। शनिवार को आयोजित वीनस इंटरनेशनल रिसर्च अवार्ड्स 2018 समारोह और 11वीं वार्षिक शोध बैठक के दौरान फार्मास्यूटिकल्स स्पेशलाइजेशन में फॉर्मूलेशन विकास और नैनो दवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध के लिए सम्मान मिला है। यह उनका चौथा लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड है। इसके अलावा उन्हें 15 से अधिक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

Amar Ujala- 13.08.2018

प्रो. बी मिश्र को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड

वाराणसी : आइआइटी (बीएवयू) के फार्मास्यूटिकल इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी विभाग के प्रो. बी मिश्र को लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड मिला है। उनको यह सम्मान फार्मूलेशन विकास और नैनो दवा के क्षेत्र में बेहतर शोध के लिए चेन्नई में शनिवार को वीनस इंटरनेशनल रिसर्च अवाईस 2018 समारोह और चौथी वार्षिक शोध बैठक के दौरान दिया गया। (जासं)

Dainik Jagran- 13.08.2018

डॉ. बी मिश्रा को लाइफटाइम अवार्ड

डा.बी.मिश्रा

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू के फार्मास्यूटिकल्स इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी विभाग के डॉ बी. मिश्रा को फार्मास्यूटिकल्स स्पेशलाइजेशन में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया। डा. मिश्रा को यह अवार्ड चेन्नई में शनिवार को आयोजित वीनस इंटरनेशनल रिसर्च अवाईर्स समारोह में मिला। यह पुरस्कार उन्हें फार्मूलेशन विकास और नैनो दवा के क्षेत्र में किये गए शोध के लिए मिला है।

Hindustan-13.08.2018